भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 298 का उत्तर

चेन्नई और मदुरै के लिए नई वंदे भारत ट्रेन की योजना

298. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की चेन्नई और मदुरै को तमिलनाडु के अन्य टियर-2 शहरों से जोड़ने के लिए नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या किसी व्यक्ति/संघ/महासंघ से वंदे भारत एक्सप्रेस में ट्रेन किराया कम करने का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार का क्या रुख है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): 19 जुलाई, 2024 तक, भारतीय रेल नेटवर्क पर 102 वंदे भारत गाड़ियां चल रही हैं जिनमें चेन्नई-मदुरै सेक्टर को सेवित करने वाली 20665/20666 चेन्नई एग्मोर-तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा, इस सेक्टर पर 20 जोड़ी नियमित गाड़ी सेवाएं और 4 जोड़ी विशेष गाड़ी सेवाएं भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलों पर नए रूपांतरों सहित वंदे भारत सेवाएं शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात के औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

मंडल स्तर, क्षेत्रीय रेलवे, रेल मंत्रालय स्तर और यहां तक कि स्टेशन स्तर आदि पर विभिन्न क्षेत्रों से अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं और व्यावहारिक और औचित्यपूर्ण पाए जाने पर उन पर कार्रवाई की जाती है।

*****

s.k